# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक

## उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**(हिन्दी कक्ष)**

**विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की दिनांक 19 जून, 2018 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2018 की दूसरी तिमाही बैठक दिनांक 19 जून, 2018 को अपराह्न 02.30 बजे श्रीमती मधुलिका पी. सुकुल, रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री आर.के.नायक, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक | सदस्य |
| 2. | श्री पुष्कल उपाध्याय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक | सदस्य |
| 3. | श्री प्रवीण कुमार राय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक(प्रशा.) | सदस्य |
| 4. | श्री सुमित गजभिये, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (लेखा एवं बजट) | सदस्य |
| 5. | श्री आशीष यादव, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (लेप.1/आईटी एवं एस) | सदस्य |
| 6. | श्री विश्व जीत गंडोत्रा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.-8/11) | सदस्य |
| 7. | श्री ओ.डी. शर्मा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.-पेंशन) | सदस्य |
| 8. | श्री मनोज कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा-9/10) | सदस्य |
| 9. | श्री जीतेन्द्र जोशी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.-12) | सदस्य |
| 10. | श्री याद राम, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा/बजट) | सदस्य |
| 11. | श्री वी.के.पुरोहित, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.) | सदस्य |
| 12. | श्री राजू प्रसाद, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली) | सदस्य |
| 13. | सुश्री किरण राजू, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.) | सदस्य |
| 14. | श्रीमती सुनीता तिवारी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (आई.एफ.ए.) | सदस्य |
| 15. | श्री सतीश कुमार त्रिपाठी, लेखा अधिकारी (लेप.-आई.ए.डब्ल्यू) | सदस्य |
| 16. | श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवादक | सदस्य |
| 17. | श्रीमती वॉईलेट खैलख़ो, वरिष्ठ अनुवादक | सदस्य |
| 18. | श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवादक | सदस्य |
| 19. | श्रीनिवास शर्मा, सहायक निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदया एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के उपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया :-

**मद सं. 1 : <u>दिनांक 23 मार्च, 2018 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि</u> :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 23 मार्च, 2018 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त और सूचना बिन्दु अपेक्षित कार्रवाई के लिए कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की वैबसाइट पर अपलोड कर दिये गये थे। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : <u>पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई</u>:**

सदस्य सचिव ने संसदीय राजभाषा समिति द्वारा मुख्यालय कार्यालय के निरीक्षण के समय दिए गए निर्देशों के क्रम में बताया कि मार्च, 2018 एवं जून, 2018 की तिमाहियों की रिपोर्टें समिति सचिवालय को भेजी जानी हैं। राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार 'क' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के लिए हिंदी पत्राचार का लक्ष्य 100% निर्धारित किया गया है।

पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था कि वार्षिक लक्ष्य प्राप्त करने के सोपान में मार्च, 2018 की तिमाही में मुख्यालय कार्यालय का निर्धारित लक्ष्य 80% होगा तथा जून, 2018 के लिए 85% लक्ष्य निर्धारित किया गया था ताकि सीढ़ी दर सीढ़ी हम राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। मार्च की तिमाही के आंकड़ों को देखने से ज्ञात हुआ है कि हम लक्ष्य के काफी करीब पहुँचने में सफल रहे।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर संतोष प्रकट करते हुए सदस्यों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रेरित करें ताकि जून, 2018 के लिए निर्धारित लक्ष्य को भी प्राप्त किया जा सके। रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक श्री पुष्कल उपाध्याय का मत था कि जो अनुभाग निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में असफल रहते हैं, वे रिपोर्ट के साथ लक्ष्य प्राप्त न कर पाने के कारण भी बताएं ताकि समिति सचिवालय को तथ्यों से अवगत कराया जा सके।

अध्यक्ष महोदया ने कहा कि जिन अनुभागों का प्रतिशत कम है, उनको इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों का आह्वान किया कि हिंदी पत्राचार में वृद्धि हेतु रिपोर्ट/रिटर्न, आदेश, परिपत्र आदि के अग्रेषण पत्र अनिवार्य रूप से हिंदी अथवा द्विभाषी रूप में भेजना सुनिश्चित कराएं। इसके लिए स्थायी प्रकृति के अग्रेषण प्रारूपों का प्रयोग किया जा सकता है।

रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक ने सुझाव दिया कि आगामी बैठक में हिंदी में सराहनीय कार्य करने वाले अनुभागों के नामों का भी उल्लेख किया जाए ताकि वे प्रोत्साहित हो सकें और अन्य अनुभाग प्रेरित हो सकें। अध्यक्ष महोदया ने इससे सहमति जताई।

**(कार्रवाई : सभी स्थानीय अनुभाग)**

**मद सं. 3 : दिसंबर, 2017 तथा मार्च, 2018 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा:**

सदस्य सचिव ने दिसम्बर, 2017 तथा मार्च, 2018 तिमाहियों की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित पूरे विभाग की रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए और सूचित किया कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, (अनु. एवं वि.), नई दिल्ली, रक्षा लेखा नियंत्रक (निधि), मेरठ तथा रक्षा लेखा नियंत्रक (आई.डी.एस.) नई दिल्ली, कार्यालयों के हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में पिछली तिमाही के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई। सदस्य सचिव ने यह भी सूचित किया कि इस संबंध में संबंधित कार्यालयों को पत्र जारी कर दिए गए हैं।

अध्यक्ष महोदया ने उक्त कार्यालयों को रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक की ओर से अर्ध-शासकीय पत्र लिखने का निर्देश दिया।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष (स्थानीय) एवं सभी संबंधित र.ले.प्र.नि./र.ले.नि. कार्यालय)**

**मद सं. 5 : <u>हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति</u>:**

समिति को सूचित किया गया कि मुख्यालय कार्यालय में 27 आशुलिपिक तथा 42 लिपिक हैं। इनमें से 19 आशुलिपिकों तथा 15 हिंदी लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि एवं हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त है। शेष आशुलिपिकों को हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण हेतु अगले सत्र में नामित किया जाएगा। हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम के अंतर्गत 06 लिपिक हिंदी टंकण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 01 अगस्त 2018 से शुरू होने वाले हिंदी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम हेतु और 06 लिपिकों को नामित किया गया है। लिपिकों को हिंदी टंकण प्रशिक्षण मुख्यालय के हिंदी कक्ष में दिया जाता है। साथ ही, सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण के लिए हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत मध्यकालिक प्रशिक्षण समाप्त हो गए हैं। हिंदी शिक्षण योजना की ओर से अब केवल 80 कार्यदिवस (अल्पकालिक गहन प्रशिक्षण) एवं एक वर्ष प्रतिदिन 01 घंटा (दीर्घकालिक प्रशिक्षण) चलाए जाते हैं।

अध्यक्ष महोदया ने हिंदी टंकण प्रशिक्षण की स्थिति पर संतोष प्रकट किया और निर्देश दिया कि शेष आशुलिपिकों के प्रशिक्षण हेतु हिंदी शिक्षण योजना कार्यालय से संपर्क कर अप्रशिक्षित आशुलिपिकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नामित किया जाए।

**(कार्रवाई : हिन्दी कक्ष)**

**मद सं. 6 : <u>हिन्दी कार्यशाला का आयोजन</u> :**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि

(1) विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में तैनात वरिष्ठ अनुवादकों/कनिष्ठ अनुवादकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम/व्यावहारिक ज्ञान प्रशिक्षण के अंतर्गत संघ की राजभाषा नीति, टिप्पण आलेखन, तिमाही प्रगति रिपोर्ट, प्रोत्साहन योजनाएं आदि से संबंधित हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसे प्रतिभागियों ने बहुत ही उपयोगी बताया।

(2) अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गुरूग्राम में आयोजित कार्यशाला में मुख्यालय कार्यालय के सहायक निदेशक (रा.भा.) एवं अनुवादक ने दिल्ली स्थित कार्यालयों के लेखापरीक्षकों को 'संघ की राजभाषा नीति और नियम' आदि के संबंध में व्याख्यान देने के साथ-साथ यूनिकोड पर हिंदी टाइपिंग का प्रशिक्षण भी दिया।

**मद सं. 7 : <u>रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति</u>:**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में वर्तमान में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई :

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 12 | 25 |
| वरिष्ठ अनुवादक | 35 | 35 | - |
| कनिष्ठ अनुवादक | 70 | 52 | 18 |

(1) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि पिछले दिनों 01 सहायक निदेशक (रा.भा.) के सेवानिवृत्त होने के बाद अब सहायक निदेशक (रा.भा.) के 25 पद रिक्त हैं। इसी क्रम में प्रशासन अनुभाग ने समिति को सूचित किया कि सहायक निदेशक (रा.भा.) के भर्ती नियमों में संशोधन का प्रस्ताव स्पष्टीकरण के लिए पुनः कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को प्रेषित किया गया है।

**(कार्रवाई: प्रशासन-8 अनुभाग)**

(2) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि 03 कनिष्ठ अनुवादकों की वरिष्ठ अनुवादकों के पद पर पदोन्नति के उपरांत वरिष्ठ अनुवादकों के सभी पद भरे हुए हैं।

(3) अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिया कि कनिष्ठ अनुवादकों के 18 रिक्त पदों को भरने के संबंध में मुख्यालय कार्यालय द्वारा कर्मचारी चयन आयोग के साथ पत्राचार किया जाए। इस संबंध में रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशा.) ने सूचित किया कि कनिष्ठ अनुवादकों के रिक्त पदों को भरने के लिए कर्मचारी चयन आयोग से संपर्क की प्रक्रिया जारी है।

**(कार्रवाई: प्रशासन-8 अनुभाग)**

(4) सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि वरिष्ठ अनुवादक श्रीमती वॉईलेट खैलख़ो ने मुख्यालय कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अतः मुख्यालय कार्यालय में अब हिंदी संवर्ग के सभी पद भरे हुए हैं।

**मद संख्या : 7 रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण** :

वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित 25% लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी कार्यालयों को वर्ष 2018-19 के राजभाषा संबंधी निरीक्षण कार्यक्रम भेजने के निर्देश दिए गए थे और इस संबंध में अधिकतर कार्यालयों से निरीक्षण कार्यक्रम प्राप्त हो गये हैं।

**मद संख्या : 8 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस वर्ष निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | स्थानीय लेखापरीक्षा कार्यालय (सेना), उदयपुर | 13.09.2017 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | रक्षा लेखा नियंत्रक, गुवाहाटी | 24.10.2017 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई समीक्षा के उपरांत संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय भेजने हेतु मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 3. | रक्षा लेखा उप नियंत्रक (अनु.एवं वि.), मैटकॉफ हाउस, नई दिल्ली | 15.02.2018 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई समीक्षा के उपरांत संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय भेजने हेतु मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 4. | वेतन लेखा कार्यालय(अ.श्रे.), जे.आर.सी., बरेली | 07.05.2018 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षणों के दौरान कार्यालय प्रमुखों द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |
| 5. | क्षेत्रीय लेखा कार्यालय, सिलीगुड़ी | 22.05.2018 | |
| 6. | लेखा अधिकारी, दुर्ग अभियंता, गंगटोक | 24.05.2018 | |
| 7. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वायुसेना), देहरादून | 08.06.2018 | |

**मद सं. : 10 वार्षिक कार्यक्रम 2018-19 पर चर्चा।**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि वर्ष 2018-19 का वार्षिक कार्यक्रम राजभाषा विभाग की वैबसाइट से डाउनलोड किया गया है। इसकी सूचना सभी प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों को प्रेषित कर दी गई है। विभिन्न मदों के संबंध में इस कार्यालय के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, वे निम्नलिखित हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | हिंदी में मूल पत्राचार | 'क' क्षेत्र के लिए 100%, 'ख' क्षेत्र के लिए 100%, 'ग' क्षेत्र के लिए 65% |
| 2. | हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना | 100% |
| 3. | हिंदी में टिप्पण | 75% |
| 4. | हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम | 70% |
| 5. | हिंदी में टंकण करने वाले कर्मचारी एवं आशुलिपिक की भर्ती | 80% |
| 6. | हिंदी में डिक्टेशन/की बोर्ड पर सीधे टंकण | 65% |
| 7. | हिंदी प्रशिक्षण(भाषा, टंकण, आशुलिपि) | 100% |
| 8. | द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना | 100% |
| 9. | हिंदी पुस्तकों की खरीद | 50% |
| 10. | कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की द्विभाषी रूप में खरीद | 100% |
| 11. | वैबसाइट द्विभाषी होना | 100% |

| | | |
|---|---|---|
| 12. | नागरिक चार्टर तथा जन सूचना बोर्डों आदि का द्विभाषी रूप में प्रदर्शन | 100% |
| 13. | (i) मंत्रालय/विभागों और कार्यालयों द्वारा अपने मुख्यालय से बाहर स्थित कार्यालयों का निरीक्षण | 25% |
| | (ii) मुख्यालय में स्थित अनुभागों का निरीक्षण | 25% |
| 14. | राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें<br>(क) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति | वर्ष में 02 बैठकें (प्रति छमाही एक बैठक) |
| | (क) राजभाषा कार्यान्वयन समिति | वर्ष में 04 बैठक (प्रति तिमाही एक बैठक) |
| 15. | कोड, मैनुअल, फार्म, प्रक्रिया साहित्य का हिन्दी अनुवाद | 100% |

अध्यक्ष महोदया ने उपस्थित सभी अधिकारियों का आह्वान किया कि वार्षिक कार्यक्रम 2018-19 में उल्लिखित सभी मदों के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के प्रयास किये जाएं।

**(कार्रवाई : सभी अनुभाग(स्थानीय))**

**मद सं. : 11 अध्यक्ष महोदया की अनुमति से अन्य विषय :**

मुख्यालय कार्यालय के हिंदी पत्राचार में वृद्धि करने के उद्देश्य से रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक श्री आशीष यादव ने 'दैनिक उपयोग में आने वाली संक्षिप्त टिप्पणियां' टेबल कैलेण्डर सभी अधिकारियों को वितरित करने का सुझाव दिया।

इस पर सहमति जताते हुए रक्षा लेखा महानियंत्रक महोदया ने इसे वैबसाइट पर भी अपलोड करने हेतु निर्देश दिया ताकि रक्षा लेखा विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इससे लाभान्वित हो सकें।

**(कार्रवाई : हिन्दी कक्ष)**

अंत में अध्यक्ष महोदया को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

**(श्रीनिवास शर्मा)**

**सहायक निदेशक (रा.भा.) सह सदस्य सचिव**